हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप



दुर्गा पंडाल की दान पेटी और शकुन टॉवर से कॉपर वायर पार करने वाले धरे गए

भिलाई। दुर्गा पंडाल की दान पेटी से रकम परा कर शकुन टावर के एसी का कॉपर वायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालक और दो युवको को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि अटल परिसर, वसुंधरा नगर, भिलाई तीन निवासी नितिश दुबे की शिकायत पर शकुन टावर में स्थित जिम के एसी का कॉपर वायर भवन के पीछे की ओर लगा हुआ था। अज्ञात ने उसे पार करने की शिकायत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेहियों को थाना लाकर पूछताछ किया। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर दो अपतारी बालक व दो युवकों में बजरंग पारा, भिलाई तीन निवासी राजू चेलक, आदित्य नायक शामिल है। दो अपचारी बालक भी पकड़े गए। उनके पास से पुलिस ने दो किलो क़पर वायर, 1200 रुपए नगद जब्त किया है।

24 अक्टूबर तक गिरेगा न्यूनतम तापमान

भिलाई। मानसून की विदाई के बाद अब दुर्ग जिले में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू हो गई है। रात के तापमान में कमी आने से हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। जिले में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने 24 अक्टूबर तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है।

ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, 9 माह में 9,216 चालकों पर कार्रवाई

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस ने तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से सड़कों पर गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों पर निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर भी कार्रवाई किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वर्ष 2026 के जनवरी से सितंबर माह तक इंटरसेपटर वाहन से कुल 9,216 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 69. 44 लाख रुपए का समन शुल्क वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है।

निधन

लीला उपाध्याय



बालोद। सिंधी कॉलोनी बालोद निवासी लीला उपाध्याय का निधन हो गया है। वे स्वर्गीय किशोरी प्रसाद उपाध्याय की धर्मपत्नी तथा अधिवक्ता कमल उपाध्याय एवं अधिवक्ता धीरज उपाध्याय की माताजी थीं।

धनऊ राम साहू



बालोद/कलंगपुर। ग्राम बोदल निवासी सेवानिवृत शिक्षक धनऊ राम साहू 68 वर्ष का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, वे सूर्यकांत साहू एवं लालकृष्ण विक्की के पिता थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

आयोजन : सजे-धजे हाथी की शोभायात्रा के साथ हुआ रावण दहन

दशहरा पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा





वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में इस वर्ष दशहरा पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने इस वर्ष के आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई अनोखी पहल ने दशहरा उत्सव को यादगार बना दिया। गांव में निकाली गई सजे-धजे हाथी की शोभायात्रा, आंगा देव की यात्रा, रामलीला और रावण दहन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे, जिससे पूरे गांव में मेले जैसा माहौल रहा। दशहरा पर्व के अवसर पर ग्रामीणों की पहल पर हाथी को आकर्षक ढंग से सजाकर गांव के चौक-चौराहों, गलियों और मोहल्लों में घुमाया गया। सजे-धजे हाथी को देखने के लिए बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथी की शोभायात्रा के पीछे ग्रामीण ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते और आतिशबाजी करते हुए आगे बढ़ते रहे। वहीं, आंगा देव भगवान की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसने गांव के दशहरा उत्सव की रौनक और बढ़ा दी। पारंपरिक उत्साह और धार्मिक आस्था के संगम ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

- रामलीला और आंगा देव की यात्रा ने बढ़ाई पर्व की भव्यता, हजारों की संख्या में उमड़े ग्रामीण

रामलीला के मंचन के बाद हुआ रावण दहन

शोभायात्रा के पश्चात रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और अधर्म पर धर्म की विजय का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्रीराम के प्रतीक स्वरूप रावण दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश ग्रहण किया।

ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना की

ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि इस वर्ष दशहरा पर्व को विशेष और यादगार बनाने के लिए ग्रामीणों ने मिलकर प्रयास किया। हाथी की शोभायात्रा, आंगा देव की यात्रा और रामलीला जैसे आयोजनों ने पर्व को भव्य स्वरूप प्रदान किया। ग्रामीणों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का भव्य दशहरा उत्सव उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। आयोजन में दुर्गा समिति की पहल और ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान मंगचुवा थाना से पुलिस बल भी शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहा। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस तरह रेंगाडबरी का दशहरा पर्व धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और ग्रामीण एकजुटता का प्रतीक बनकर यादगार रहा।

बालोद में 28 को जिला स्तरीय युवा उत्सव, 27 तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2026–27 का आयोजन 28 अक्टूबर को टाउन हॉल बालोद में किया जाना प्रस्तावित है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं के मध्य पारस्परिक एकीकरण, सांस्कृतिक आदान–प्रदान तथा एकता की भावना को सु–ढ़ करना है, जिसके माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न विधाओं में अपनी कला, कौशल एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक युवा अथवा प्रतिभागी 27 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे तक कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद, खेल एवं युवा कल्याण, संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

- लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला और नुक्कड़ नाटक सहित आठ विधाओं में होंगी प्रतियोगिताएं

युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आयु सीमा 15 से 29 वर्ष तथा संगतकारों के लिए 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा। इच्छुक प्रतिभागियों को निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन पंजीयन कराने के साथ–साथ 'माय भारत' पोर्टल पर भी ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर नियमों के अनुसार चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोक नृत्य, लोक गीत, चित्रकला (पेंटिंग), कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज (रील निर्माण) एवं पारंपरिक वेशभूषा जैसी विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक में दल के 6 सदस्य भाग लेंगे। लोक नृत्य एवं लोक गीत विधा में दल के 7–7 सदस्य तथा दोनों विधाओं में 3–3 संगतकार अतिरिक्त रूप से सम्मिलित हो सकेंगे, जिसमें महिला व पुरुष दोनों शामिल हो सकते हैं। चित्रकला एवं कविता लेखन में 2–2 विजेता प्रतिभागी निर्धारित किए गए हैं। कविता लेखन में प्रतिभागी को एक कविता लिखनी होगी, जिसके लिए अधिकतम 90 मिनट का समय दिया जाएगा, जिसमें कविता हिंदी, अंग्रेजी अथवा किसी भी भारतीय क्षेत्रीय भाषा में लिखी जा सकती है, लेकिन विषयवस्तु हिंसात्मक, आपराधिक अथवा आपत्तिजनक नहीं होनी चाहिए।

नुक्कड़ नाटक विधा में एक दल में अधिकतम 10 सदस्य शामिल हो सकेंगे। क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज के अंतर्गत प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम 60 सेकंड की एक मौलिक एवं रचनात्मक रील प्रस्तुत कर सकेगा, जिसकी थीम 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित छत्तीसगढ़' निर्धारित की गई है। पारंपरिक वेशभूषा विधा में छगकी पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए प्रतिभागियों को अपनी साज–सज्जा की सामग्री स्वयं लानी होगी। इसके अलावा रॉकबैंड विधा का आयोजन केवल राज्य स्तरीय आयोजन में किया जाएगा, जिसमें 10 सदस्यीय दल को अधिकतम 20 मिनट का समय मिलेगा तथा इसमें ट्रैक या कैरोके पर गायन मान्य नहीं होगा।

प्रस्तावित विज्ञान केंद्र पर उठे सवाल, पूर्व नप अध्यक्ष राकेश ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



गुरूर। डौंडी के ग्राम पथराटोला में प्रस्तावित विज्ञान केन्द्र के निर्माण का विरोध करते हुए जिले में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने की मांग करते हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। लगभग 5 करोड़ की लागत से विज्ञान केन्द्र का निर्माण प्रस्तावित है। राकेश कुमार यादव ने पत्र में कहा है कि जिला का डौंडी विकासखंड आदिवासी बहुल एवं खनन प्रभावित क्षेत्र है, यहां के अनेक ग्रामीण परिवार आज भी सुरक्षित पेयजल, लाल पानी की समस्या के समाधान, सड़क, नाली, गांवों के समुचित विकास, रोजगार एवं आजीविका जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन स्तर से सीधे जुड़ा हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में मात्र एक कार्य के लिए पांच करोड़ की बड़ी राशि खर्च करना न्यायसंगत नही है। योजना पर गंभीर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है। इस प्रकरण में प्रस्तावित विज्ञान केन्द्र की आवश्यकता, लागत, वित्तपोशण, स्वीकृति प्रक्रिया एवं जनोपयोगिता की स्वतंत्र जांच कराते हुए, पूरी होने तक इसके निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा खनन प्रभावित आदिवासी गांवों की मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया है।

नवरात्रि पर कराया भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



डौंडीलोहारा। शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर के गरबा ग्रुप द्वारा राजापारा स्थित दुर्गा चौक एवं वार्ड क्रमांक 04 के गायत्री चौक में भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और भक्तिभाव के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दोनों स्थानों पर भंडारे के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नवरात्रि पर्व मां दुर्गा की आराधना, सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए गरबा ग्रुप की सदस्यों ने भंडारे की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। नवरात्रि के अवसर पर गरबा ग्रुप की इस पहल को सेवा और धार्मिक समर्पण के रूप में सराहा गया। आयोजन में गरबा ग्रुप की विद्या गौर, माया ठाकुर, आरती संचेती, हर्षा देवांगन, स्वाति राजपूत, ममता साहसी, रंजना राजपूत, शीतल कुलदीप, टुकेश्वरी तांडिया, रेनू किरण निषाद, जुली मंसाली, सोनम मंसाली एवं नीता मंसाली सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

डीजे गाने में डांस को लेकर मारा चाकू, एक युवक गंभीर

भिलाई। डीजे के गाने में नाचने को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी के एक मामले में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र की है।पुलिस ने बताया कि रुआबांधा में जय और नाबालिग भाई ने सागर और गणपत को डीजे के गाने में डांस करने को लेकर विवाद किया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि जय ने गणपत के गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। चाकू लगने के बाद गणपत गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। गणपत के गिरने पर आसपास में अफरा-तफरी मच गई और घायल को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल लेकर जाया गया। जहां गंभीर अवस्था में उसका उपचार जारी है। एएसपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि बीती रात रुआबांधा में धारदार हथियार से युवक पर हमला किया गया। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज भी खंगाल रही है। घटना में शामिल सभी युवकों की पहचान में जुटी हुई है।

इंडियन बैंक एजेंट समेत 13 आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। म्यूल खातों का बड़ा खेल में पुलिस ने बैंक के एजेंट समेत 13 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें एक इंडियन बैंक का एजेंट भी शामिल है। आरोपी 5 हजार से 15 हजार रुपए तक कमीशन के लालच में अपने या दूसरे लोगों के बैंक खाते साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया करता था। पुलिस की जांच में इन खातों के जरिए लाखों रुपए का संदिग्ध लेन-देन का पता चला है।

पेज 13 के शेष

कामता गांव में भालू ...

दी। मनीष साहू दूसरे क्षेत्र में पदस्थ हैं। उन्होंने तत्काल वन विभाग के अमले को सूचना दी, जो उस समय गांव के स्कूल के पास निगरानी कर रहा था। हालांकि, वन विभाग की टीम के रामलाल ठाकुर के घर पहुंचने से पहले ही भालू वहां से निकल चुका था। भालू ने घर में बने मंदिर में रखे डिब्बे का तेल पी लिया और वहां रखे सामानों को अस्त-व्यस्त कर दिया। इसके बाद वह गांव में स्थित दुर्गा मंदिर की ओर से निकलकर गायब हो गया।

पुलिस आवासीय कॉलोनी ...

समीप स्थित पुलिस आवासीय कॉलोनी की वर्तमान स्थिति कुछ ऐसी ही तस्वीर बयां कर रही है। करोड़ों रुपये की लागत से वर्ष 2018–19 में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के रहने के लिए निर्मित चार मंजिला आवासीय कॉलोनी में 120 फ्लैट बनाए गए हैं। पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए गए। इस निर्माण कार्य के लगभग सात वर्ष बाद ही भवन की स्थिति खराब होने लगी है। बताया गया है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पहली बरसात में ही भवनों पर किया गया रंग–रोगन पानी के साथ बहने लगा था। इसके बाद बीते सात वर्षोंमें दोबारा रंग–रोगन नहीं कराया गया। वहीं, चार मंजिला भवन के अधिकांश कमरों में पानी के सीपेज की समस्या बनी हुई है। दीवारों की स्थिति और भवन में दिखाई देने वाली खराबी को देखकर निर्माण कार्य में गुणवक्ता संबंधी मानकों के पालन पर सवाल उठ रहे हैं।

मतदाता सूची ....

अन्य अधिकारी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

जेडी स्टील के डॉयरेक्टर और ठेकेदार पर जुर्म दर्ज

भिलाई। रसमड़ा स्थित जेडी स्टील इंडस्ट्रीज में 17 अक्टूबर को हुए हादसे में संतोष श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। मामले में अंजोरा पुलिस ने प्लांट के डायरेक्टर शिव कुमार गोयल और ठेकेदार गजानंद के खिलाफ अपराध कायम किया है। पुलिस ने बताया कि घटना की रात जेडी स्टील इंडस्ट्रीज प्लांट में इंडक्शन फर्नेस का ट्रायल चल रहा था। तभी बड़ी मात्रा में पिघला हुआ मेटल बाहर आ गया, जिसकी चपेट में श्रमिक संतोष गंभीर रूप से झुलस गया। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच में प्लांट संचालन के दौरान लापरवाही का संदेह जताई गई है। हादसे के बाद औद्योगिक सुरक्षा और प्लांट संचालन से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 289 और 106(1) के तहत डायरेक्टर और ठेकेदार की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

25 को डोंगरगढ़ में, जुटेंगे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा की कार्यकारिणी बैठक मंत्री गजेन्द्र चांडक के निर्देशन में 25 अक्टूबर को होगी। जिसमे जिले के सामाजिक पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा सत्र 2026–29 की प्रथम कार्यकारिणी मंडल बैठक 25 अक्टूबर को डोंगरगढ़ में आयोजित होगी। बैठक का आयोजन राजनांदगांव जिला माहेश्वरी सभा के सहयोग से माहेश्वरीसभा डोंगरगढ़ के आतिथ्य में किया जाएगा। बैठक में प्रदेशभर से कार्यकारिणी मंडल के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

बैठक की शुरूआत सुबह 10 बजे होगी, इसके बाद सुबह 11:30 बजे से प्रथम सत्र की बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में भगवान महेश की पूजा–अर्चना, मंच आमंत्रण तथा माहेश्वरीसभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील तापड़िया और राजनांदगांव जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजो का



उद्बोधन होगा। प्रदेश मंत्री गजेन्द्र चांडक के निर्देशन में आयोजित बैठक के कार्यसूची में दिवंगत स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं शोक प्रस्ताव, प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर राठी का उद्बोधन, विभिन्न पदाधिकारियों का परिचय एवं उद्बोधन महिला संगठन की गतिविधियों तथा जिला अध्यक्षों की ओर से संगठनात्मक जानकारी प्रस्तुत करना प्रमुख है। इसके अलावा प्रकोष्ठ संयोजकों की नियुक्ति की घोशणा, सदस्यता शुल्क पर चर्चा, प्रदेश सभा की आगामी कार्ययोजनाओं पर सुझाव और रूपरेखा तय करने सहित विभिन्न विशयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश सभा के आगामी कार्यक्रमों, माहेश्वरीसेवा निधि ट्रस्ट की गतिविधियों, युवा संगठन के कार्योर् तथा आदित्य विक्रम बिडला व्यापार सहयोग केन्द्र से संबंधित जानकारी भी रखी जाएगी। नव निर्वाचित अर्थमंत्री नारायण राठी का स्वागत तथा उपाध्यक्ष पवन डागा की ओर से आभार प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक के समापन पर राष्ट्रगान होगा। द्वितीय सत्र के बाद शाम 4 बजे मंदिर दर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। शाम 5 बजे पदाधिकारी डोंगरगढ़ से प्रस्थान करेंगे। बैठक के बाद मां बम्लेश्वरी के सामूहिक दर्शन एवं आरती के लिए भी पदाधिकारी साथ जाएंगे। प्रदेश मंत्री गजेन्द्र चांडक ने कार्यकारिणी मंडल एवं आमंत्रित सदस्यो से निर्धारित समय पर पहुंचकर बैठक में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

करहीभदर का मवेशी बाजार आगामी आदेश तक बंद, जांच में मिलीं कई अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के सबसे पुराने और बड़े मवेशी बाजार करहीभदर मवेशी बाजार को प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक बंद कर दिया है। पशुओं की सुरक्षा, पशु क्रूरता की शिकायतों और बाजार संचालन में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। इस आदेश के बाद जिले के गौ भक्तो ने पटाखे फोड़कर जश्न मनाया एवं प्रशासन का आभार व्यक्ति किया।

- पशु क्रूरता और अवैध परिवहन की शिकायतों के बाद प्रशासन की कार्रवाई

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने ग्राम करहीभदर में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजार के संचालन पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया है। गौ–सेवा एवं गौरक्षा संगठनों द्वारा बाजार में पशुओं के अवैध परिवहन और उनके साथ क्रूरता किए जाने की शिकायतें की थीं एवं मवेशी बाजार बंद करने की मांग की गई थी।

शिकायतों के बाद कलेक्टर ने जिला स्तरीय जांच समिति गठित की थी। जांच के दौरान बाजार परिसर में मवेशियों को बांधने के लिए पर्याप्त शेड, छाया और पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं मिली। बाजार की नीलामी से प्रतिवर्ष लाखों रुपए की आय होने के बावजूद पशुओं की सुविधाओं पर पर्याप्त राशि खर्च किए जाने को लेकर सवाल उठे हैं। बाजार ग्राम के मध्य में सड़क किनारे लगाया जाता था जिससे आवागमन करने वाले ग्रामीणो के साथ दुर्घटना की आशंका रहती थी।

जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2005 से 2023 के बीच पशु क्रूरता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 50 अपराध पंजीबद्ध किए गए। इसके अलावा, वाहनों में मवेशियों को क्षमता से अधिक और ठूंस–ठूंसकर ले जाने की शिकायतें भी सामने आईं। जांच में वित्तीय अनियमितताएं सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नीलामी से प्राप्त आय का जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अंकेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि न्यायालयीन आदेश के बिना करहीभदर में मवेशी बाजार का संचालन नहीं किया जाएगा। वहीं क्षेत्र में शांति और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बालोद को बाजार स्थल पर निगरानी रखने कहा गया हैं।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य पशुओं के प्रति क्रूरता रोकना, उनके सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करना तथा बाजार संचालन में नियमों और वित्तीय प्रक्रियाओं का पालन कराना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पशु कल्याण और कानून–व्यवस्था से जुड़े मामलों में नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

14 चार दिनों में दूसरी बार जुए पर रेड, 10 जुआरी ...



12 दशहरा पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
21

कामता गांव में भालू का आतंक, ग्रामीण के घर में घुसकर मचाई उथल-पुथल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में भालू की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। भालूकोन्हा से शुरू हुआ भालू का आतंक अब आसपास के गांवों तक पहुंच गया है। बीती रात कामता गांव की बीच बस्ती में भालू ने रामलाल ठाकुर के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया।

हैरानी की बात यह रही कि जिस समय भालू घर में घुसकर सामानों को उलट-पुलट कर रहा था, उस समय वन विभाग का अमला गांव के स्कूल के पास निगरानी कर रहा था। वन विभाग की निगरानी के बावजूद भालू का रिहायशी इलाके में पहुंच जाना ग्रामीणों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्राम के तुकाराम साहू ने बताया कि रात करीब 9 बजे ग्रामीणों ने भालूकोन्हा में भालू को खदेड़ा था। इसके बाद रात लगभग 11 बजे भालू कामता गांव की बीच बस्ती में स्थित रामलाल ठाकुर के घर पहुंच गया। भालू घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और एक कमरे का दरवाजा खोलकर भीतर पहुंच गया। इसके बाद घर में बनी जालीनुमा खिड़की तोड़ने की आवाज सुनकर परिजन जाग गए। अचानक घर के अंदर भालू की मौजूदगी देखकर परिवार के लोगों में दहशत फैल गई। घबराए परिजनों ने गांव के वन कर्मचारी मनीष साहू को फोन कर घटना की जानकारी ⏭ शेष पेज 12 पर

वन विभाग का अमला स्कूल के पास कर रहा था निगरानी



सुबह फिर दिखाई देने की खबर, दहशत बरकरार

सुबह-सुबह सिवनी गांव के ग्रामीणों ने कॉलेज के पास भालू दिखाई देने की जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि केवल अलग-अलग स्थानों पर निगरानी करने और भालू दिखाई देने के बाद उसे खदेड़ने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। वन विभाग को प्रभावित गांवों में समन्वित निगरानी, नियमित गश्त, त्वरित सूचना तंत्र और ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनानी चाहिए।



खबर संक्षेप

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पर राजनीतिक दलों की बैठक



बालोद। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश पत्र के अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के संदर्भ में कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के संबंध में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आज आयोजित की गई। उक्त बैठक में एसएसआर के संबंध में निर्देशानुसार विस्तृत जानकारी व सुझाव राजनीतिक दलों को दिए गए। साथ ही मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में तैयार प्रस्ताव की जानकारी भी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिवंश सिंह मिरी सहित ⏭ शेष पेज 12 पर

समस्या : करोड़ों की लागत, फिर भी सीपेज से बेहाल हैं 120 फ्लैट्स

पुलिस आवासीय कॉलोनी बदहाल, निर्माण के 7 साल बाद ही जर्जर, सीपेज और अधूरी सुविधाओं से परेशान हैं पुलिस परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

आम जनता के लिए होने वाले शासकीय भवन निर्माण कार्यों की गुणवक्ता पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन जब शासकीय कर्मचारियों के लिए बनाए गए भवन भी निर्माण के वर्षों में जर्जर होने लगें और जरूरी सुविधाएं अधूरी रह जाएं, तो निर्माण कार्यों की गुणवक्ता और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जिला मुख्यालय में दल्लीराजहरा मार्ग पर बीएसएनएल कार्यालय के ⏭ शेष पेज 12 पर

- पार्किंग, गार्डन और गंदे पानी की निकासी भी बदहाल





पार्किंग, गार्डन और पानी निकासी की समस्या

कॉलोनी में अब तक वाहन पार्किंग और गार्डन का निर्माण भी पूरा नहीं हो पाया है। इसके अलावा घरों से निकलने वाले गंदे पानी और दैनिक उपयोग के पानी की निकासी के लिए भी समुचित व्यवस्था का अभाव बताया जा रहा है। इन समस्याओं के चलते कॉलोनी में रहने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को अपने ही विभाग की आवासीय व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि संबंधित विभाग कॉलोनी की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर भवनों की गुणवक्ता की जांच कराए तथा अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करे। साथ ही सीपेज की समस्या दूर करने और खुले लिफ्ट स्थल को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि पुलिसकर्मी और उनके परिवार सुरक्षित वातावरण में निवास कर सकें।

सात साल बाद भी अधूरी है लिफ्ट की सुविधा

चार मंजिला आवासीय कॉलोनी में रहने वाले पुलिसकर्मियों के लिए लिफ्ट की सुविधा अब तक पूरी नहीं हो पाई है। लिफ्ट निर्माण के लिए छोड़ा गया स्थान भी खुला पड़ा है, जिससे वहां रहने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। खुले स्थान के कारण किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इतने बड़े आवासीय परिसर में लिफ्ट जैसी आवश्यक सुविधा का अधूरा रहना निर्माण कार्य की पूर्णता और विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े करता है।

सड़क हादसे में व्याख्याता नितेश खरे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग-930 पर कुसुमकसा स्थित जानकी फ्यूल्स के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार शिक्षक नितेश खरे (36) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक आमापारा, कुसुमकसा के निवासी थे और भैंसबोड़ हायर सेकेंडरी स्कूल में वाणिज्य विषय के व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, नितेश खरे की नियुक्ति वर्ष 2013 में भैंसबोड़ स्कूल में हुई थी। वे तभी से वहां सेवाएं दे रहे थे। गुरुवार को स्कूल से घर लौटते समय जानकी फ्यूल्स के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी

घटना की सूचना मिलने पर राजहरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बीएसपी अस्पताल, दल्लीराजहरा की मर्चुरी में रखवाया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाने की जानकारी दी गई है। दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटनास्थल से मिली जानकारी के आधार पर लाल रंग की कार की भी पतासाजी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज Presents



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक)
हरिभूमि, आईएनएच



श्रीमती संगीता सिन्हा
विधायक बालोद



श्रीमती अनिला भेड़िया
विधायक डौंडीलोहारा



श्री कुंवर सिंह निषाद
विधायक गुंडरदेही



मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री

मा. भोजराज नाग
सांसद, कांकेर

जिला संवाद 2026

बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष

पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर

कार्यक्रम - 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार, समय - दोपहर 4.30 बजे
माहेश्वरी भवन गंजपारा,बालोद (छ.ग.)

जिला संवाद 2026



श्री यशवंत जैन
प्रदेश महामंत्री भाजपा

श्री यजदत्त शर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
लघु वनोपज (राज्य मंत्री)

श्री तोमन साहू
चेयरमेन राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी
एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद

श्री राकेश यादव
भाजपा विधानसभा बालोद प्रत्याशी

श्री वीरेंद्र साहू
पूर्व विधायक गुंडरदेही

श्री देवलाल ठाकुर
भाजपा प्रत्याशी डौंडीलोहारा

श्री कृष्णा दुबे
संयुक्त महामंत्री
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़

श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा
कलेक्टर, बालोद

श्री किरण गंगाराम चौहान
एस.पी., बालोद

श्रीमती प्रतिभा चौधरी
अध्यक्ष नगर पालिका बालोद

श्रीमती तारिणी चंद्राकर
अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद

श्री डेमन देशमुख
जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद

श्री दंडेश टिरवानी
जिला अध्यक्ष कांग्रेस बालोद

श्री लोटण लाल साहू
अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा

श्री रामेश्वर साहू
अध्यक्ष नगर पालिका पलारी

श्री जयपाल किरी
उद्योग पति वरिष्ठ समाज सेवी

श्री हरीश सारडा
अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद

डॉ प्रदीप जैन
चेयरमेन अरिहंत अकैडमी

डॉ राहुल अग्रवाल
अध्यक्ष IMA

श्री गोविंद वाधवानी
अध्यक्ष दल्लीराजहरा व्यापारी संघ

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति बालोद के विकास को सुनिश्चित करेगी

MP: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DEMANA 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24-7 जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | mynet 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 225 | 478 | NEXT DIGITAL 812 | JioTV 1163

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय चिकित्सक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आज

बालोद। जिला स्तरीय चिकित्सक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 23 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण डॉ. जे.पी.शर्मा, रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ चेयर मेन तोमन लाल साहू, चेमन लाल देशमुख, डॉ. देवेन्द्र कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष निजि चिकित्सा कल्याण संध रायपुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, महामंत्री छ.ग. निजि चिकित्स कल्याण संघ रायपुर गजेन्द्र साहू, निजि चिकित्सक संध बालोद छ.ग. गोपाल साहू, अध्यक्ष ब्लाक गुण्डरदेही रोहित साहू, अध्यक्ष ब्लॉक बालोद धर्मेन्द्र साहू, अध्यक्ष ब्लॉक गुरूर लीलाराम बनपेला उपस्थित रहेंगे। निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुण्डरदेही डॉ तुरेन्द्र देशमुख ने बताया आतिथ्य में वरिष्ठ चिकित्सकों एवं जरूरत मंद व्यक्तियों को खून प्रदान करने वाले चिकित्सकों का सम्मान किया जावेगा।

राज्य ओपन स्कूल की संपर्क कक्षाएं आज से

डौंडीलोहारा। संजयनगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा अध्ययन केंद्र क्रमांक 1904 में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की विभिन्न विषयों की संपर्क कक्षाएं 23 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रही हैं। इन कक्षाओं का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। अध्ययन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, नवंबर 2026 की परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी इन संपर्क कक्षाओं में शामिल होकर विभिन्न विषयों की पढ़ाई कर सकते हैं। कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय संबंधी कठिनाइयों को दूर करने, महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम को समझने तथा परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में सहायता मिलेगी। ओपन स्कूल के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए ये संपर्क कक्षाएं उपयोगी साबित होंगी। नवंबर 2026 की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से अध्ययन केंद्र में उपस्थित होकर संपर्क कक्षाओं का लाभ उठाएं और परीक्षा की तैयारी को बेहतर बनाएं।

हादसे को लेकर सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

भिलाई। केनाल रोड पर अवैध रुप से हेवी वाहनों के बढ़ने से लगातार हादसा हो रहा है। जिसे लेकर आम आदमी पार्टी ने सीएम हेल्प लाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराया है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने कैनाल रोड ट्रांसपोर्ट नगर से भिलाई पॉवर हाउस तक पर अनियंत्रित, अवैध रूप से खड़े होने वाले भारी वाहनों ट्रेलर एवं ट्रक की गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई है।

घर में घुसकर मारपीट

भिलाई। जबरन घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने युवक और महिला के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि विक्की देवांगन 20 अक्टूबर को अपने मां नीता देवांगन के साथ घर पर था। उसकी शादी धमतरी निवासी पूजा देवांगन के साथ 2021 में हुई थी। वर्ष 2022 से दोनो अलग अलग होकर रह रहे है। पत्नी अपने मायके धमतरी में अपने माता-पिता के साथ रहती है। पीड़ित के परिवार के ऊपर दहेज प्रताडना व घरेलू हिंसा का अपराध की थी।

कार्रवाई : अपराध मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करें

चार दिनों में दूसरी बार जुए पर रेड, 10 जुआरी गिरफ्तार और 13,350 रुपए नगद जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गुण्डरदेही पुलिस द्वारा चार दिनों के भीतर जुआ के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्यवाही की है, जहां दो अलग–अलग जुआ रेड में 10 जुआरी आरोपी गिरफ्तार किये गए एवं उनसे 13,350 नगद एवं 52–52 पत्तीताश जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम खुटेरी एवं ग्राम मोगरी खार में जुआ खेलते जुआरियो को पकड़ा। पहली रेड में 06 एवं दूसरी रेड में 04, कुल 10 आरोपी गिरफ्तार किये गए। आरोपियो के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

21 अक्टूबर की रात्रि में ग्राम खुटेरी में एनीकट के पास बिजली पोल के नीचे ताश पत्तीसे रुपये–पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 06 आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 2,550 52 पत्तीताश जब्त की गई। इस संबंध में अपराध क्रमांक 357/2026, धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

दूसरे मामले में 22 अक्टूबर 2026 को रात्रि लगभग 00:20 बजे ग्राम मोगरी खार में जुआ खेल रहे 04 आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 10,800 नगद एवं 52 पत्तीताश जब्त की गई। इस संबंध में अपराध क्रमांक 358/2026, धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुटेरी में गिरफ्तार 06 आरोपियो में वासुदेव साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी, चुरामणि साहू, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी, यादराम, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी, उमेश साहू, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी, गोपाल निषाद, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी एवं बेनीराम साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम खुटेरी सम्मिलित है। प्रकरण क्रमांक 358/2026 में ग्राम मोगरी खार में गिरफ्तार 04 आरोपियो में रतन लाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम लाटाबोड़, सोमन्द्र साहू, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम पैरी, डोमन सेन, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम सांकरी एवं तामेश्वर साहू, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम सांकरी, को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के निर्देशन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्रुति सिंह के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील है कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें तथा अपराध मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करें।



दशहरा पर्व पर रामलीला में बालिकाओं ने निभाई भूमिकाएं, दर्शकों ने की सराहना

बालोद/सिकोसा। ग्राम मड़ियापार में इस वर्ष दशहरा पर्व के अवसर पर रामलीला में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता सहित सभी प्रमुख पात्रों की भूमिका गांव की बालिकाओं ने निभाई। ग्रामीणों के अनुसार बालिकाओं ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सजीव मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। राम–रावण युद्ध और रावण दहन के दृश्यों ने दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बेटियों को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और समाज में नारी शक्ति के प्रति सम्मान बढ़ाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया



गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही के पुराना हाई स्कूल मैदान में राज दशहरा समिति के तत्वावधान में दशहरा पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी और रावण के पुतले का दहन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के लिए रावण का पुतला मंडलेश्वर सिन्हा समाज अजुर्दा जसवंत सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया। आयोजन के दौरान दशहरा पर्व की परंपरा और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

एल्डरमैन जीवराखन एवं धीरेंद्र टॉक ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट, सौंपा ज्ञापन



डौंडीलोहारा। नगर पंचायत डौंडीलोहारा के एल्डरमैन जीवराखन कौमार्य एवं धीरेंद्र टॉक ने जिला कार्यालय बालोद में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने उन्हें नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सौजन्य भेंट के दौरान नगर पंचायत डौंडीलोहारा के विकास तथा नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई।

एल्डरमैनद्वय ने नगर के विकास कार्यों को गति देने, नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में आवश्यक पहल करने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के साथ-साथ आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना भी आवश्यक है। इसके लिए संबंधित विषयों पर प्रशासनिक स्तर पर पहल किए जाने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों ने नगरहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने दोनों जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना तथा ज्ञापन में उल्लेखित विषयों पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात को नगर के विकास से जुड़े मुद्दों को जिला प्रशासन के समक्ष रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

खेत में पहुंचीं कलेक्टर, डिजिटल ऐप से किया फसल सत्यापन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासन के डिजिटल कृषि सर्वेक्षण को प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जमीनी स्तर पर पहुंचकर फसल के भौतिक सत्यापन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान वे गुरुर विकासखंड के नगर पंचायत पलारी के किसान संतराम साहू, पिता रामू राम साहू के खेत की मेड़ पर अरहर की फसल के बीच से गुजरते हुए पहुंचीं और स्वयं खेत में पीवी ऐप (1.6 वर्जन) के माध्यम से किए जा रहे फसल का भौतिक सत्यापन का अवलोकन किया। उन्होंने किसान के खसरा नंबर 291/6 में दर्ज फसल की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने खेत में पहुंचकर डिजिटल ऐप के माध्यम से फसल की स्थिति का जायजा लिया। इसका उद्देश्य सर्वेक्षण के दौरान दर्ज की जा रही जानकारी और खेत में मौजूद फसल की वास्तविक स्थिति के बीच समानता सुनिश्चित करना है। डिजिटल तकनीक से फसल संबंधी आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पलारी में लगभग 120 खसरों का भौतिक सत्यापन कार्य अभी शेष है। सर्वेयर दीपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पीवी ऐप के नए 1.6 वर्जन के माध्यम से अगले दो दिनों के भीतर सभी शेष खसरा नंबरों का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं भौतिक सत्यापन कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा स्वयं खेत तक पहुंचकर सत्यापन करना मैदानी कार्यों की गुणवक्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे सर्वेक्षण कार्य में लगे मैदानी अमले को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप सही एवं वास्तविक जानकारी दर्ज करने में मार्गदर्शन मिलेगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने ली समय-सीमा की बैठक

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही विभागीय योजनाओं, विकास कार्यों और जिले की उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत करने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत स्पेशल क्लोज्ड किए जा रहे प्रकरणों पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन प्रकरणों को गंभीरता से लें और शिकायतों की वास्तविक स्थिति की जांच करने के बाद ही उचित कार्रवाई करें। कलेक्टर मिश्रा ने स्पष्ट किया कि प्रकरणों को बंद करने के लिए केवल औपचारिकता पूरी करना उचित नहीं है। प्रत्येक प्रकरण में शिकायत के निराकरण की वास्तविक स्थिति और उससे संबंधित तथ्यपरक कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए सभी विभाग शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करें। समय–सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित बैठकों में उपस्थित रहें और सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करें। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों में लापरवाही न बरतें।

जुन्नापानी में 251 दीपों से हुआ दीप महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम जुन्नापानी में दुर्गा महानवमी के पावन अवसर पर नव जागृति गणपति उत्सव समिति के तत्वावधान में दीप महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान गणपति महाराज के पावन आंगन में 251 दीप प्रज्वलित कर ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। आयोजन में समिति के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

ग्राम जुन्नापानी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष भगवान गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ ही भगवान शिव के पुत्र कार्तिक स्वामी की प्रतिमा स्थापना और पूजा-अर्चना की परंपरा भी विगत 26 वर्षों से चली आ रही है। परंपरा के अनुसार क्वार मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को प्रतिमा स्थापना की जाती है तथा शरद पूर्णिमा के दिन विसर्जन किया जाता है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

इसी परंपरा के अंतर्गत दुर्गा महानवमी के दिन दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम की माताएं अपने-अपने घरों से दीप सजाकर यज्ञ स्थल पहुंचीं और भगवान गणपति महाराज तथा मां दंतेश्वरी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, मंगल और खुशहाली की कामना की। 251 दीपों की रोशनी से पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय हो उठा। ग्राम के प्रबुद्धजनों, ग्राम प्रमुखों और समस्त ग्रामवासियों ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा धार्मिक परंपरा में अपनी सहभागिता निभाई।

मां दंतेश्वरी के स्वागत में होती है दीप महायज्ञ की परंपरा

ग्राम में दुर्गा महानवमी के दिन दीप महायज्ञ आयोजित करने की विशेष धार्मिक मान्यता है। मान्यता के अनुसार, देवी विसर्जन के पश्चात मां दंतेश्वरी दशहरा पर्व मनाने के लिए ग्राम में आती हैं। इसी मान्यता के अनुरूप मां के स्वागत और वंदन के उद्देश्य से नव जागृति गणपति उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष दीप महायज्ञ संपन्न कराया जाता है। यह आयोजन ग्राम की धार्मिक आस्था, सामूहिक एकता और वर्षों से चली आ रही परंपरा का प्रतीक बन गया है। दीपों की जगमगाहट के बीच ग्रामवासियों ने माता से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

लिंम्हाटोला में कल रावण दहन, रात में सजेगी लोक लहर की महफिल

डौंडी। ग्राम लिंम्हाटोला में विजयादशमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 24 अक्टूबर, शनिवार को दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्राम के रंगमंच में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम की रावण पर विजय की स्मृति में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम उत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को सत्य, सदाचार और मर्यादा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जाएगा।

रात में होगी लोक लहर की प्रस्तुति

दशहरा उत्सव के अंतर्गत रात्रिकालीन कार्यक्रम में ग्राम मुनगाडीह के रंगारंग 'लोक लहर' कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। वहीं, समस्त बाल लीला मंडली ग्राम लिंम्हाटोला की सहभागिता भी रहेगी। लोकगीत, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आयोजन में उत्सवी रंग देखने को मिलेगा। ग्रामीणों के अनुसार, ऐसे आयोजन गांव की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को लोक संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर उत्सव की शोभा बढ़ाने तथा आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

पंचायत देवरी (द) में पेयजल व्यवस्था हुई सुचारू जनपद सदस्य ने भेंट किया पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत देवरी द में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने और विभिन्न आयोजनों में पानी की जरूरत पूरी करने के उद्देश्य से क्षेत्र की जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू ने जनपद निधि से पानी टैंकर प्रदान की है। इस पहल से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के साथ ही गांव में आयोजित होने वाले सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में पानी की व्यवस्था करने में सुविधा मिलेगी।

■ पेयजल संकट के समय पानी पहुंचाने में मिलेगी मदद

जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू ने कहा कि ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना उनकी प्राथमिकता है। वे हमेशा ग्रामीणों के साथ खड़ी रहेंगी और गांव की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। गांव में पानी टैंकर की उपलब्धता से जरूरत के समय पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी। विशेषकर सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों के दौरान पानी की व्यवस्था करना आसान होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरी द सरपंच दीपा बीसेलाल ठाकुर, कार्यक्रम में उपसरपंच खेलन, पंच अंकालू, लक्ष्मी, सरोज, मधु, तेमेश्वरी, सुरेश कौशल, गणेश, कृष्ण, भवदास, भोज, अर्जुन, नेमीचंद, छत्रपाल, जीकिशन, गावेंद्र, हिंछा, पोषण एवं बनपेला सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

बच्चों ने चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया वीर जवानों का शौर्य और देशभक्ति

प्राथमिक शाला रानीतराई में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासन के निर्देशानुसार रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय की ओर से संचालित प्रोजेक्ट वीर गाथा 6.0 के अंतर्गत 19 अक्टूबर को प्राथमिक शाला रानीतराई कि. में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने की। इस अवसर पर पालकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों के शौर्य, त्याग और बलिदान से परिचित कराने के साथ उनमें देशप्रेम और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने बच्चों को प्रोजेक्ट वीर गाथा के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के वीर सैनिकों और वीरता पुरस्कार प्राप्त महान व्यक्तित्वों के साहसिक कार्यों से प्रेरित करना है। ऐसे आयोजन बच्चों में देशभक्ति, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई, छत्रपति शिवाजी महाराज, कारगिल युद्ध के वीर जवानों और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपनी कलाकृतियों का विषय बनाया। बच्चों ने रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से वीरता, त्याग और देशप्रेम के भावों को कागज पर उकेरा। विद्यार्थियों की आकर्षक चित्रकलाओं ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत शाला स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ चित्रों को मायगव पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राष्ट्रीय स्तर की गतिविधि से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक निर्मल दुबे ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता के लिए पालकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पावरहाउस ब्रिज में लोहा चोरी

भिलाई। लोहा चोर अब पावरहाउस ओवरब्रिज के लोहे की रेलिंग को भी नहीं छोड़ रहे हैं। दोनों ओर कई जगह कटर से लोहे के एंगल को काट दिया गया है । इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। टाउनशिप से नंदिनी रोड के ढलान पर कई स्थानों पर तीन से चार फीट के लंबी रेलिंग गायब है। व्यवसायियों ने बताया कि लोहा चोर जब स्ट्रीट लाइट बंद रहती है तो हाथ साफ करते हैं। नीचे कबाड़ी की गाड़ी भी खड़ी रहती है। निकट ही छावनी थाना होने के बाद भी चोरों को कोई भय नहीं है।

